# प्रथम पी.यू.सी. प्रथम त्रैमासिक परीक्षा, अगस्त 2024

समय : 1 घंटे 30 मिनट | हिन्दी (03) | कुल अंक : 40

सूचनाएँ : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है ।

**I अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए:** **7x1=7**

1) ठाकुर साहब के बड़े बेटे का नाम है –
i) श्रीधर ii) श्रीकंठ iii) लालबिहारी iv) श्रीमंत

2) 'युवाओं से' पाठ में युवाओं को किसने संबोधित किया है –
i) प्रेमचंद ii) जयशंकर प्रसाद iii) स्वामी विवेकानंद iv) विवेक राय

3) इनके प्रताप से सब दुःख दर्द मिटते हैं –
i) ईश्वर ii) भक्त iii) सद्गुरु iv) राजा

4) सीता की सखियाँ हैं –
i) दासियाँ ii) गाँव की औरतें iii) राजकुमारियाँ iv) मुनि बालायें

5) 'तोड़ती पत्थर' कविता में नारी यहाँ पत्थर तोड़ती थी –
i) लखनऊ ii) इलाहाबाद iii) कलकत्ता iv) दिल्ली

6) गन्दी कोठरी में बालक को खाने के लिए मिला –
i) पूरी ii) नमकीन iii) मिठाई iv) पराठे का टुकड़ा

7) मनुष्य सबसे अधिक प्रेम करता है –
i) माँ से ii) अपने परिवार से iii) अपने आप से iv) दोस्तों से

**आ. कोष्ठक में दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :** **4x1=4**
**(से, पर, के, में, ने)**

8) i) युवक .............. कपड़े फट गए ।

ii) अलमारी .............. कपड़े रखे हैं ।

iii) उसे पद ........... हटा दिया गया ।

iv) दरवाजे ........... कौन खड़ा है ?

**II अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2x3=6**

9) आनंदी ने अपने ससुराल में क्या रंग–ढंग देखा ?

10) शिक्षा के बारे में स्वामी विवेकानंद जी क्या कहते हैं ?

11) आनंदी का चरित्र–चित्रण कीजिए ।

आ) ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 1x3=3

12) 'यह याद रखो कि तुम स्वयं अपने भाग्य के निर्माता हो।'

III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2x3=6

13) तुलसीदास ने मधुर वचन के महत्व का कैसे वर्णन किया है ?

14) 'कुटिया में राजभवन' कविता का आशय संक्षेप में लिखिए।

15) किन परिस्थितियों में नारी पत्थर तोड़ रही थी ?

IV निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2x3=6

16) शराबी के जीवन में मधुआ के आने के बाद क्या परिवर्तन आया ?

17) पहली पत्नी की मृत्यु पर युवक किस प्रकार विलाप करने लगा ?

18) शराबी ठाकुर सरदारसिंह को कौन-कौन सी कहानियाँ सुनाता था ?

V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 2x1=2

19) i) मेज में पुस्तक पड़ी है।

ii) हम हमारे देश को प्यार करते हैं।

आ) अन्य लिंग रूप लिखिए : 2x1=2

20) i) पाठक ii) शिष्या

इ) अन्य वचन रूप लिखिए : 2x1=2

21) i) सड़क ii) थाली

ई) समानार्थक शब्द लिखिए : 2x1=2

22) i) आकाश ii) अंधकार

*****